# महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी0जी0) कॉलेज, फिरोजाबाद

## एक्टिविटी क्लब- वार्षिक आख्या

## सत्र- 2024-25

प्रो0 प्रियदर्शिनी उपाध्याय
(प्राचार्या)

डॉ. शवनम
(एक्टिविटी क्लब प्रभारी)



Scanned with OKEN Scanner

# एक्टिविटी क्लब रिपोर्ट

## सत्र 2024 -25

महात्मा गांधी बालिका विद्यालया पी.जी. कॉलेज, फिरोजाबाद का एक्टिविटी क्लब छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु एक प्रभावशाली मंच के रूप में कार्य कर रहा है। 1 जुलाई 2024 से 30 जून 2025 तक के शैक्षणिक सत्र में क्लब द्वारा खेलकूद (Games), रेंजर्स (Rangers),

एन.एस.एस.(N.S.S.),राष्ट्रीय संगोष्ठी (National Seminar) तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम(Cultural programme)से संबंधित विविध गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया।

इन गतिविधियों का उद्देश्य छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, सहयोग भावना, अनुशासन, रचनात्मकता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को विकसित करना रहा। शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं छात्र प्रतिनिधियों के उत्साही सहयोग से क्लब ने एक सहभागी और प्रेरणादायक वातावरण प्रदान किया, जिससे छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। राष्ट्रीय संगोष्ठी जैसे शैक्षणिक आयोजनों ने छात्राओं को विषय-वस्तु की गहन समझ तथा संवाद कौशल में दक्षता प्राप्त करने का अवसर दिया। यह रिपोर्ट पूरे सत्र में आयोजित गतिविधियों, उनकी उपलब्धियों और उनके शैक्षिक-सामाजिक प्रभाव को संक्षेप में प्रस्तुत करती है।


**शारीरिक शिक्षा और खेल विभाग-**

महात्मा गांधी बालिका विद्यालय पी जी कॉलेज फिरोजाबाद में शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा 21 और 22 फरवरी 2025 को दो दिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन किया गया ।इस कार्यशाला के प्रथम दिवस में पतंजलि के मुख्य प्रशिक्षक श्री सत्य प्रकाश आर्य जी ने छात्राओं को योग के महत्व के बारे में जानकारी दी व दूसरे दिन प्राणायाम व ध्यान का विशेष सत्र आयोजित किया । इस कार्यशाला में "योग करो , निरोग रहो" का नारा दिया जिससे छात्राओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो ।प्रतिभागियों को विभिन्न योग मुद्राओं जैसे ताड़ासन, वृक्षासन ,भुजंगासन, वज्रासन,त्रिकोणासन और सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया गया तथा उन्हें प्रमाण पत्र वितरित किए गए ।इस कार्यशाला की संयोजिका शारीरिक शिक्षा विभाग की



Scanned with OKEN Scanner

डॉ. अमृता सिंह रही। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को योग के शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक लाभों से अवगत कराना और उन्हें एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।




- महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा दिनांक **7- 8 मार्च 2025** को वार्षिक खेल दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका शारीरिक शिक्षा विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ अमृता सिंह रही। कार्यक्रम में निम्न प्रतियोगिताएं कराई गई-

**7 मार्च 2025 -** कबड्डी, बोरी दौड,रस्साकसी ,नींबू और चम्मच दौड़


**8 मार्च 2025-** योग, शतरंज , शिक्षकों के लिए म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

**8** मार्च को समापन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख अतिथियों में डॉ. अंजु शर्मा (प्राचार्या ),श्री सतीश चंद्र गुप्ता (सचिव), श्रीमती शशि वर्मा (प्रबंधन समिति सदस्य) और श्रीमती पुष्पा गुप्ता उपस्थित थी। विभिन्न प्रतियोगिताओं में



Scanned with OKEN Scanner

विजेताओं को पुरस्कार और पदक प्रदान किए गए विशेष सम्मान उन छात्रों को दिया गया जिन्होंने कॉलेज का प्रतिनिधित्व अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयी प्रतियोगिताओं में किया।






Scanned with OKEN Scanner






Scanned with OKEN Scanner

रेंजर्स-


महात्मा गांधी बालिका विद्यालय पी जी कॉलेज फिरोजाबाद में दिनांक 27 फरवरी 2025 से 1 मार्च 2025 तक राजनीति विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. अंकिता ठाकुर एवं समाजशास्त्र विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. शवनम(रेंजर्स सदस्या), डॉ. चर्चा (रेंजर्स सदस्या)के निर्देशन में रेंजर्स का तीन दिवसीय प्रवेश जांच शिविर लगाया गया जिसमें कुल 25 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। महाविद्यालय स्तर पर रेंजर्स की छात्राओं ने तंबू निर्माण प्रतियोगिता, भोजन प्रतियोगिता, कैंसर जागरूकता रैली एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई जी की 100वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया।






Scanned with OKEN Scanner



लक्ष्मीबाई रेन्जर्स टीम



GPS Map Camera
Firozabad, Uttar Pradesh, India
Ground Floor, Station Road, Opp. Govind Glass, Nai Basti, Firozabad, Uttar Pradesh 283203, India
Lat 27.153927° Long 78.391453°
01/03/2025 12:48 PM GMT +05:30

**N.S.S. -**

- दिनांक **12** जून **2024** से **21** जून **2024** तक योग सप्ताह के अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ.प्रिया सिंह के निर्देशन में महाविद्यालय की स्वयं सेविकाओं ,छात्राओं एवं अन्य स्टाफ द्वारा अधिक से अधिक **yoga pledge certificates download** करने के साथ-साथ भौतिक रूप से योग शपथ तथा योग क्रियाएं करते हुए योग के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- दिनांक **7** जुलाई **2024** को एक पेड़ मां के नाम **-** थीम के आधार पर स्वयं सेविकाओं द्वारा ग्रीष्मावकाश के दौरान अपने-अपने घरों में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।







Scanned with OKEN Scanner

- दिनांक 20 जुलाई 2024 को शासन द्वारा निर्देशित वृहद वृक्षारोपण अभियान का आयोजन कॉलेज की प्राचार्या डॉ.अंजु शर्मा के निर्देशन में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रिया सिंह द्वारा किया गया।इस अभियान द्वारा महाविद्यालय को 1000 वृक्ष उपलब्ध कराए गए थे जो महाविद्यालय के ट्रस्ट के अन्य विद्यालयों तथा महाविद्यालयों परिसर में आरोपित किए गए।




- दिनांक 5 अगस्त 2024 को जल संरक्षण के विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




Scanned with OKEN Scanner




दिनांक 8 अगस्त 2024 को "समाज के समग्र विकास में प्रावधानित बजट -2024" विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं को बजट क्या है? युवाओं के लिए बजट का महत्व विषय पर विस्तार से व्याख्यान दिया एवं छात्राओं को बहुत सी ऐसी रोजगार कौशल योजनाओं के संदर्भ में जानकारी दी जिससे युवा अपने भविष्य को उज्जवल बनाने हेतु सहायता ले सकें।




Scanned with OKEN Scanner




- दिनांक 9 अगस्त 2024 को "काकोरी ट्रेन एक्शन"शहीदों के स्वाधीनता संग्राम में बलिदान विषय पर थीम पर स्वयं सेविकाओं द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।



- दिनांक 12 अगस्त 2024 को शासनादेश के अनुसार कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रिया सिंह और डॉ.निशा के संयोजन ने नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।डॉ.प्रिया सिंह ने नशा मुक्ति हेतु शपथ दिलाई साथ ही स्वयंसेविकाओं से अपील की कि अपने आसपास के परिवारों में भी लोगों को जागरूक करें क्योंकि नशा स्वस्थ शरीर पर व परिवार को खराब परिस्थिति में पहुंचाने हेतु एक जिम्मेदार कारक है जिसे जड़ से नष्ट करना अत्यंत आवश्यक है।




- दिनांक 13 से 15 अगस्त 2024 तक एनएसएस के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान का धूमधाम से आयोजन किया गया। दिनांक 13 अगस्त 2024 को स्वयंसेविकाओं ने प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी महिलाओं की वेशभूषा में हर घर तिरंगा रैली निकाल कर जन जागरूकता का आयोजन किया। दिनांक 14 अगस्त 2024 को हर घर तिरंगा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत मेहंदी प्रतियोगिता, कविता पाठ व अन्य भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



Scanned with OKEN Scanner











Scanned with OKEN Scanner




- दिनांक 17 अगस्त 2024 को महाविद्यालय की प्राचार्या के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत "कोलकाता रेपकेस"के संदर्भ में महिला सुरक्षा रैली का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं के साथ-साथ शिक्षिकाओं ने भी पूरे जोश के साथ जन जागरूकता रैली में प्रतिभाग किया। वी नीड प्रोटेक्शन, स्टॉप रेप,नारी का करो सम्मान तभी बनेगा देश महान, वी वांट जस्टिस जैसे स्लोगन के माध्यम से महिला सुरक्षा की मांग हेतु जन चेतना का संदेश दिया।



Scanned with OKEN Scanner




- दिनांक 28 सितंबर 2024 को एनएसएस के अंतर्गत मिशन शक्ति / ऑपरेशन जागृति थीम पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में एसपी सिटी श्री रवि शंकर प्रसाद , सी .ओ . सिटी अरुण कुमार चौरसिया, एस एच ओ थाना दक्षिण योगेंद्र पाल सिंह,एस आई सिंघराज जी ,एस आई काजल तथा टीम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में छात्राओं को महिलाओं की सुरक्षा के संदर्भ में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई तथा 1090 और 1098 हेल्पलाइन नंबर के बारे में भी जानकारी दी इस कार्यक्रम में स्नातक स्तर के 200 से अधिक छात्राओं ने प्रतिभाग किया।



Scanned with OKEN Scanner




- दिनांक **18** दिसंबर **2024** को महात्मा गांधी बालिका विद्यालय पी जी कॉलेज फिरोजाबाद में भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म दिवस समारोह के अवसर पर सुशासन के संदर्भ में एक नागरिक के रूप में अपनी भूमिका के उत्तरदायित्व को पूर्ण करने हेतु शपथ ग्रहण की और सुशासन सप्ताह का शुभारंभ किया गया। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार दिनांक **18** से **25** दिसंबर **2024** तक महाविद्यालय स्तर पर अटल जी एवं सुशासन विषय पर भाषण तथा एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन कर छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया।



Scanned with OKEN Scanner




- भारत रत्न श्री अटल विहारी वाजपेयी की स्मृति में दिनांक **19** फरवरी **2025** को महाविद्यालय में **N.S.S** द्वारा दिल्ली और लाहौर बस यात्रा के संदर्भ में एक व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर निशा द्वारा अटल जी की कविता आओ फिर से दिया जलाएं का पाठ किया गया एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रिया सिंह द्वारा छात्राओं को अटल जी के जीवन से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं को भी उजागर किया गया।



Scanned with OKEN Scanner




- राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में एन.एस.एस.द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई जिसका उद्देश्य जनता को जागरूक करना था विभिन्न स्लोगन "जैसे सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो" "बनो देश के भाग्य विधाता अब जागो प्यारे मतदाता" बहकावे में कभी ना आना सोच समझ कर बटन दबाना" के माध्यम से जनता को जागरूक किया कि वोट देना हमारा प्रथम नैतिक दायित्व है एवं इस दायित्व का निर्वाह हमें बिना किसी धर्म जाति को ध्यान में रखकर सोच समझकर करना है ।हमारा बहुमूल्य वोट ही हमारे भविष्य का निर्माण करेगा।



Scanned with OKEN Scanner




- महाविद्यालय में प्राचार्या के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर निशा के नेतृत्व में विश्व क्षय /टी.बी.दिवस के अंतर्गत जन जागरूकता हेतु रैली निकाली गई जिसका उद्देश्य जन-जन को नशा ,टी.बी. से मुक्ति दिलाना है एवं परिवार को सुरक्षित रखना है।






Scanned with OKEN Scanner

- महात्मा गांधी बालिका विद्यालय पी.जी. कॉलेज, फिरोजाबाद द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत चार एक दिवसीय शिविरों का आयोजन क्रमशः 17, 23, 30 जनवरी व 25 फरवरी को किया गया। प्रथम शिविर में डॉ. एम.पी. सिंह( राष्ट्रीय सेवा योजना नोडल अधिकारी, फिरोजाबाद) द्वारा NSS के उद्देश्य, 'माई भारत' पोर्टल और समाज सेवा में युवाओं की भागीदारी पर चर्चा की गई तथा नुक्कड़ नाटक, जागरूकता गीत और स्वच्छता गतिविधियाँ आयोजित की गईं। द्वितीय शिविर में राज्य स्तरीय पूर्व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी माननीय अंशु माली सर व डीईओ खुशबू शाक्य ने तकनीकी शिक्षा, सड़क सुरक्षा और सुभाष चंद्र बोस जयंती के विचारों से छात्राओं को प्रेरित किया; नाटक, भाषण व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। तृतीय शिविर सड़क सुरक्षा माह व महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि को समर्पित था जिसमें मौन धारण व जन जागरूकता गतिविधियाँ हुईं। चतुर्थ शिविर "रक्तदान ही उत्तम सेवा" विषय पर आधारित था जिसमें  रक्तदान जागरूकता और NSS की सेवा भावना को बढ़ावा दिया गया।






Scanned with OKEN Scanner




YOUTH AFFAIRS AND SPORTS
महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज, फिरोजाबाद
सम्बद्ध
रक्तदान
शिविर
दिनांक :-
थीम – मेरा युवा
2047
मलिन बस्ती :- वार्ड नं.
कार्यक्रम अधिकारी
डॉ. निशा
द्वितीय इकाई
कार्यक्रम अधिकारी
डॉ. प्रिया
प्रथम इकाई
डॉ. अन्जु शर्मा

- इसके अतिरिक्त 10 से 16 फरवरी 2025 तक महात्मा गांधी बालिका महाविद्यालय, फिरोजाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन चयनित मलिन बस्ती लेबर कॉलोनी में "मेरा युवा विकसित भारत @2047" थीम पर किया गया। शिविर का उद्देश्य स्वयंसेविकाओं के माध्यम से भारत को विकसित राष्ट्र व विश्वगुरु बनाने की दिशा में प्रेरित करना था। प्रथम दिन शिविर का शुभारंभ महापौर श्रीमती कामिनी राठौर द्वारा समाज सेवा हेतु प्रेरणा भाषण से हुआ। दूसरे दिन प्राथमिक विद्यालय लेबर कॉलोनी में वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, कविता प्रस्तुति और पार्क सफाई जैसे कार्यक्रम हुए। तीसरे दिन महिला सशक्तिकरण, मिशन शक्ति, ऑपरेशन जागृति साथ ही नशा मुक्ति अभियान, हेल्पलाइन 1090 व 1930 की जानकारी एवं साइबर अपराधों से बचाव व सोशल मीडिया उपयोग में सावधानी पर चर्चा हुई। चौथे दिन पुनः मलिन बस्ती में जन जागरूकता गतिविधियाँ स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति अभियान, टीबी उन्मूलन अभियान बच्चों को दान शिक्षा संबंधी गतिविधि की गईं। पांचवे दिन मोटे अनाज पर आधारित पोषण युक्त भोजन एवं 'रद्दी से प्रगति' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। छठे दिन श्री नवीन कुमार जैन (मुख्य चिकित्सा अधीक्षक) के संरक्षण में स्वशासी राजकीय चिकित्सालय, फिरोजाबाद में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित हुआ। सातवें दिन बस्ती में 'बापू बाजार' लगाया गया, जिससे समुदाय में सेवा, स्वावलंबन और सहयोग की भावना का विकास हुआ।




प्राथमिक विद्यालय लेबर कॉलोनी (कन्या)
क्षेत्र - फिरोजाबाद
सात दिवसीय विशेष शिविर राष्ट्रीय सेवा योज
मेरा युवा विकसित भारत @2047


महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज, फिरोजाबाद
सात दिवसीय विशेष शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना
@2047








Scanned with OKEN Scanner


महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय पी जी कॉलेज
फ़िरोज़ाबाद
राष्ट्रीय सेवा योजना बापू बाजार
राष्ट्रीय सेवा योजना
NATIONAL SERVICE SCHEME
PREFECT

- एनएसएस द्वारा 'साइबर सुरक्षा व डिजिटल रक्षा' विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें साइबर थाना फिरोजाबाद से एसएचओ राजेश सिंह, हेड कांस्टेबल लखन वैष्णव और हेमंत प्रताप सिंह मुख्य अतिथि व प्रशिक्षक के रूप में शामिल हुए। लखन वैष्णव ने सोशल मीडिया की सुरक्षित सेटिंग्स और टू-फैक्टर वेरिफिकेशन पर जानकारी दी, जबकि हेमंत सिंह ने डिजिटल अरेस्ट व हेल्पलाइन **1090** व **1930** पर प्रकाश डाला। राजेश सिंह ने छात्राओं को सोशल मीडिया से सतर्क रहकर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने की शपथ दिलाई।





- दिनांक **26** अक्टूबर **2024** को दिवाली के अवसर पर लोगों को जागरूक करने हेतु **'ye Dewali my Bharat wali'** कार्यक्रम आयोजित किया गया।महाविद्यालय की छात्राओं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं द्वारा प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने हेतु जन जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें विभिन्न स्लोगन के माध्यम से जनता को संदेश दिया।






Scanned with OKEN Scanner

एनएसएस के अंतर्गत महाविद्यालय स्तर पर सड़क सुरक्षा जागरूकता के संदर्भ में दिनांक 8 नवंबर 2024 को क्विज, पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




- एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रिया सिंह व प्लेसमेंट सेल की कार्यक्रम समन्वयक डॉ संध्या द्विवेदी के संयोजन में पीडिलाइट कंपनी के सहयोग से 'आर्ट एंड क्राफ्ट' विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में छात्राओं ने हैंडबैग पर कलाकारी कांच के विविध बर्तनों या शोपीस में कलाकारी एवं एमडीएफ बोर्ड पर नक्काशी करते हुए होम डेकोरेटिव आइटम तैयार करना सीखा साथ ही रद्दी से प्रगति और प्राकृतिक संरक्षण के विषय में भी विस्तृत जानकारी एकत्रित की।



Scanned with OKEN Scanner




- एनएसएस के अंतर्गत दिनांक **4** दिसंबर **2024** व **5** दिसंबर **2024** को 'विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत छात्राओं को बताया गया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य एक लाख गैर राजनीतिक युवाओं को एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है। सरकार की मंशा है कि विकसित भारत युवा संवाद- **2025** के माध्यम से युवाओं को नेतृत्व एवं राष्ट्र निर्माण में शामिल करना है।



Scanned with OKEN Scanner




- एन एस एस द्वारा संविधान दिवस व मानवाधिकार दिवस पर दिनांक **10** दिसंबर **2024** को ऑनलाइन ई- क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं को संविधान व मानवाधिकारों के संदर्भ में जागरूक करना एवं उसके महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराना रहा।



Scanned with OKEN Scanner






प्राचार्या
डॉ अंजु शर्मा

महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय पीजी कालेज फिरोजाबाद राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा


ईक्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सभी छात्राओं की प्रतिभागिता अनिवार्य है।

क्विज लिंक खुलने की तिथि 10 दिसम्बर 2024 प्रातः 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक
quiz प्रतियोगिता का लिंक :-
https://forms.gle/idp93MjZr5it3xBL7



संयोजक
डॉ प्रिया सिंह व डॉ निशा
कार्यक्रम अधिकारी
रासेयो








- राष्ट्रीय सेवा योजना और समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कक्षा सेमिनार 'How to conduct research in social sciences' विषय पर आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बी ए की छात्राओं को लघु शोध परियोजना के संदर्भ में मार्गदर्शन प्रदान करना रहा मुख्य वक्ता के रूप में एस आर के पीजी कॉलेज फिरोजाबाद के रिटायर्ड प्रवक्ता प्रोफेसर यूं एस पांडेय ने छात्राओं को समस्या के चयन से लेकर शोध के उद्देश्य, सैंपलिंग और डाटा कलेक्शन और टेबुलेशन निष्कर्ष आदि के बारे में सरल और व सहज शब्दों में समझाया। जिससे छात्राएं लाभान्वित हुई।



Scanned with OKEN Scanner




- दिनांक **11** जनवरी **2025** को स्वामी विवेकानंद जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नौजवान जागो रे गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गायन प्रतियोगिता में छात्राओं ने देशभक्ति, लक्ष्य गीत और भजन आदि प्रस्तुत किये।




- दिनांक **26** जनवरी **2025** को गणतंत्र दिवस के अवसर पर संविधान दिवस पर भाषण, उच्च शिक्षा निदेशालय, प्रयागराज के आदेश का वाचन एवं भारत रत्न अटल जी एवं सुशासन दिवस पर उनके व्यक्तित्व, कृति और नीतियों पर भाषण।



Scanned with OKEN Scanner



- महाविद्यालय में दिनांक 2 अक्टूबर 2024 से 16 अक्टूबर 2024 तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ 5 अक्टूबर को प्राचार्या डॉ. अंजु शर्मा के निर्देशन में हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. प्रिया सिंह और डॉ. निशा रहीं। छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी देने हेतु शपथ ग्रहण व जन जागरूकता रैली निकाली गई।

**कार्यक्रम की प्रमुख गतिविधियाँ:**

**5/10/24:** शपथ एवं जन जागरूकता रैली

**7/10/24:** महिला बस्ती में रैली

**8/10/24:** गीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता

**9/10/24:** नुक्कड़ नाटक 'ब्लाइंडनेस'

**14/10/24:** शिक्षक संवाद



Scanned with OKEN Scanner

**15/10/24:** पोस्टर व पेंटिंग प्रदर्शनी

**16/10/24:** समापन, मुख्य अतिथि **ARTO** अखिलेश यादव

कार्यक्रम में छात्राओं ने सड़क सुरक्षा से जुड़ी जागरूकता के संदेशों को समाज तक पहुंचाया और यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया।




- दिनांक 31.01.2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. निशा (कार्यक्रम अधिकारी) द्वारा सड़क सुरक्षा के नियमों व उनके पालन की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। छात्र-छात्राओं ने गीत, नाटक व नृत्य के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। आर.टी.ओ. द्वारा सुरक्षा शपथ दिलाई गई। अंत में ए.आर.टी.ओ. अखिलेश यादव ने सभी को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम को सफल घोषित किया।



Scanned with OKEN Scanner




- दिनांक 01.02.2025 को फिरोजाबाद महोत्सव में महाविद्यालय की एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने डॉ. निशा सिंह एवं भूमिका गौतम के निर्देशन में प्रस्तुति दी।




- इसके अतिरिक्त, 07.02.2025 को महात्मा गांधी बालिका पी.जी. कॉलेज, फिरोजाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सीपीआर (Cardiopulmonary Resuscitation) कार्यशाला आयोजित की गई। डॉ. शोभित (एम.डी.) ने बताया कि सीपीआर जीवनरक्षक तकनीक है जिसे हर व्यक्ति को सीखना चाहिए। आपात स्थिति में सीपीआर देने से मरीज के बचने की संभावना तीन गुना बढ़ जाती है। कार्यक्रम में डॉ. राजीव शर्मा, पत्रकार कालिंद्र पांडे, डॉ. निशा सिंह व अन्य अतिथि मौजूद रहे।



Scanned with OKEN Scanner




स्वयंसेविकाओं की राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय सहभागिता **(2024-25)"**

1. 20 फरवरी 2025 को **My Bharat Outreach Programme** अंतर्गत **Experiential Learning** कार्यक्रम में स्वयंसेविका भूमिका गौतम ने सहभागिता की।
2. 21 फरवरी 2025 को दाऊ दयाल महिला पी.जी. कॉलेज फिरोजाबाद में आयोजित "पर्यावरण परिवर्तन : मानवता के समक्ष चुनौती" विषयक वाद-विवाद प्रतियोगिता में स्वयंसेविकाओं सना एवं सौम्या पांडे ने प्रतिभाग किया।
3. 21 दिसंबर 2024 से 27 दिसंबर 2024 तक NIC ग्वालियर में भूमिका गौतम ने कॉलेज का प्रतिनिधित्व किया।
4. 11 फरवरी 2025 से 17 फरवरी 2025 तक NIC बेंगलुरु में सौम्या पांडे ने सहभागिता की।



Scanned with OKEN Scanner

राष्ट्रीय संगोष्ठी-

दिनांक21 व 22 नवंबर 2024 को महात्मा गांधी बालिका विद्यालय पीजी कॉलेज फिरोजाबाद के हिंदी विभाग और उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया ।राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हिंदी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर संध्या द्विवेदी के संयोजन में किया गया ।राष्ट्रीय संगोष्ठी का विषय - 'गुरु मति साहित्य और वैश्विक परिदृश्य में सामाजिक समरसता की अवधारणा 'रहा। यह राष्ट्रीय संगोष्ठी छात्राओं में साहित्यिक चेतना, सामाजिक समरसता और वैश्विक दृष्टिकोण के विकास हेतु आयोजित की गई।




**सांस्कृतिक समिति**

**1. स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त 2024)**


स्वतंत्रता दिवस का आयोजन पूरे जोश और देशप्रेम की भावना के साथ किया गया। तिरंगा ध्वज फहराने के बाद छात्राओं ने "वंदे मातरम" और "जन गण मन" का गायन किया। इसके उपरांत देशभक्ति पर कविता पाठ, भाषण प्रतियोगिता, समूह नृत्य और नाटक का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि द्वारा विद्यार्थियों को स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान से प्रेरणा लेने का आह्वान किया गया।



Scanned with OKEN Scanner


**2. गांधी जयंती (2 अक्टूबर 2024)**

महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर कॉलेज में "अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलने" का संदेश देते हुए सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने गांधी जी के जीवन पर आधारित लघु नाटिका, भजन, और भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को जागृत करना था।






Scanned with OKEN Scanner




**गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2025)**

कॉलेज परिसर में गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राष्ट्रीय गान के साथ हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण और नृत्य प्रस्तुत कर देशभक्ति की भावना को जीवंत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने "भारत की एकता और विविधता" विषय पर विशेष नाटक भी प्रस्तुत किया। अंत में प्राचार्या महोदया ने विद्यार्थियों को संविधान के आदर्शों पर चलने का संदेश दिया।



Scanned with OKEN Scanner









Scanned with OKEN Scanner




महाविद्यालय में **Cultural Committee** के द्वारा दिनांक **6** मार्च **2025** को संगीत प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने शास्त्रीय, सुगम, देशभक्ति एवं लोक संगीत श्रेणियों में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं की कला अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास तथा सांस्कृतिक संवर्धन को बढ़ावा देना था। सभी प्रतिभागी छात्राओं का प्रदर्शन सराहनीय रहा, और निर्णायक मंडल द्वारा श्रेष्ठ प्रस्तुतियों को विजेता घोषित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति सदस्यों, विभागीय शिक्षकों तथा सभी प्रतिभागियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।



Scanned with OKEN Scanner




उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई और **Activity Club** ने इन आयोजनों के माध्यम से सांस्कृतिक, सामाजिक और नैतिक मूल्यों को प्रोत्साहित किया। इन कार्यक्रमों ने न केवल छात्राओं की प्रतिभा को मंच प्रदान किया, बल्कि उन्हें राष्ट्रप्रेम और अनुशासन की भावना से भी ओतप्रोत किया।

संयोजिका

डॉ. शबनम
असिस्टेंट प्रोफेसर
समाजशास्त्र विभाग
एवं
एक्टिविटी क्लब प्रभारी

प्राचार्या

प्रो. प्रियदर्शिनी उपाध्याय



Scanned with OKEN Scanner